मध्यप्रदेश में नक्सलियों का उन्मूलन किया जाएगा

चर्चा में क्यों?

हाल ही में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने वर्ष **2026 तक नक्सल मुक्त भारत** के संकल्प को पूरा करने हेतु **उच्च स्तरीय बैठक** आयोजित की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मुख्य बिंदु

- **सरकार की प्रतिबद्धता:**
    - मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिये राज्य सरकार गंभीर और सक्रिय है।
- **दिशा-निर्देश:**
    - नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों की आर्थिक और सामाजिक प्रगति के लिये राज्य सरकार के प्रयासों का समन्वय किया जाए।
    - संचार सुविधाओं को बढ़ाने हेतु मोबाइल टावरों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए।
    - नए सुरक्षा कैंपों की स्थापना के लिये **हॉक फोर्स बल** में वृद्धि की स्वीकृति दी जाए।
    - प्रदेश से **माओवादी समस्या** के उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और इसके लिये समवेत प्रयास किये जाएँ।
    - नक्सल प्रभावित ज़िलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने हेतु निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।
    - इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने नक्सल गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और पुलिस मुख्यालय तथा ज़िला प्रशासन के स्तर पर लगातार समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं।
- **राज्यों के बीच समन्वय:**
    - बैठक में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के संयुक्त प्रयासों पर चर्चा हुई, जो नक्सलवाद से निपटने हेतु बढ़ते अंतर्राज्यीय सहयोग को दर्शाता है।

नक्सलवाद

- **परिचय:**
    - नक्सलवाद शब्द की उत्पत्ति **पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी गाँव से हुई है।**
    - इसकी **शुरुआत स्थानीय ज़मींदारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में हुई,** जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी।
    - यह **आंदोलन जल्द ही पूर्वी भारत** के छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे अल्प विकसित क्षेत्रों में फैल गया।
    - **वामपंथी उग्रवादियों (LWE)** को दुनिया भर में माओवादी और भारत में नक्सलवादी के नाम से जाना जाता है।
- **उद्देश्य:**
    - **वे सशस्त्र क्रांति** के माध्यम से भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और **माओवादी सिद्धांतों** पर आधारित **साम्यवादी राज्य** की स्थापना की वकालत करते हैं।
    - वे राज्य को **दमनकारी, शोषक** और शासक अभिजात वर्ग के हितों की सेवा करने वाला मानते हैं तथा सशस्त्र संघर्ष और जनयुद्ध के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक शिकायतों को दूर करना चाहते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/naxalites-will-be-eradicated-in-madhya-pradesh